"जय गौ माता" "जय गोपाल"

श्री सीताराम

श्री चित्रकूट है पावन धाम, सीता संग विराजे राम,
दरसन मधुर अति अभिराम, कहो प्रेम से जय सियाराम

श्री चित्रकूट धाम में .... पूज्य संतों के सानिध्य में
प्रथम बार

श्री चित्रकूट रस महोत्सव

26 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026

पावन उत्सव स्थल :
दीनदयाल शोध संस्थान, दीनदयाल परिसर ,उद्यमिता विद्यापीठ,
चित्रकूट, सतना, मध्य प्रदेश 485334

निवेदक
श्री चित्रकूट रस महोत्सव आयोजक समिति,
श्री हरिनाम सेवा ट्रस्ट



श्री
सीताराम

चित्रकूट है चित्त हमारा, राम कथा मन्दाकिनी धारा,
सियाराम जहाँ करत विहारा, पंथ प्रेमरस का विस्तारा

मधुर रसमय राम कथा

जन्म से जनकपुर तक...

प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से......

पूज्य गोवत्स श्री राधाकृष्णजी महाराज

के मुखारविंद से

प्रभु श्री राम का भव्य जन्मोत्सव बधाई, चारों भैया की मधुर बाल लीलाएँ,
श्री विश्वामित्र यज्ञ रक्षा का अद्भुत पराक्रम, श्री जनकपुर आगमन, नगर-दर्शन,
श्री राम जानकी प्रथम मिलन, धनुष भंग, श्री रामजानकी विवाह महोत्सव
श्री कुंवर कलेवा मिथिला भाव ....

श्री
सीताराम

श्री सीताराम

रसमय भाव प्रस्तुतियाँ

प्रतिदिन सायं 6 बजे से 8 बजे

26 दिसम्बर : रसमय संकीर्तन

दीदी **श्री निकुंज कामरा जी** के मधुर स्वरों में ठाकुर श्री राम श्याम के मधुर भजनों का आनन्द

27 दिसम्बर : कवि सम्मेलन

विश्व विख्यात राष्ट्रीय कवियों के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का गुणगान करती अद्भुत वीर रस, हास्यरस, श्रृंगार रस व भक्तिरसपूर्ण काव्य प्रस्तुति

श्री अमन अक्षर,
प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार, इंदौर

श्री हेमंत पाण्डेय,
प्रसिद्ध हास्य कवि, कानपुर

श्री अभय निर्भीक,
प्रसिद्ध ओज कवि, अयोध्या

मनु वैशाली,
दिल्ली

28 दिसम्बर : बृज रस संध्या

परम पूज्य श्री किशोरदास देव जु महाराज, गोरीलाल कुंज, श्री वृन्दावन धाम की पावन रसमयी वाणी में बृज के रस व रसिकों की रसमयी चर्चा, बृज व श्री चित्रकूट लीला के मधुर भावित पदों का रसवर्षण

श्री
सीताराम

29 दिसम्बर : श्री भरत भक्ति गुणगान

अनन्तश्रीविभूषित श्रीमज्जगद्गुरु द्वाराचार्य श्रीअग्रपीठाधीश्वर एवं मलूकपीठाधीश्वर
परम पूज्य स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्यजी महाराज के श्री मुखारविंद से
श्री राम अनुज भरतलाल जी के अलौकिक प्रेम-समर्पण की व्याख्या, चित्रकूट महात्मय,
चित्रकूट की मधुर लीला के प्रसंग व श्री भरत नाम का मधुर संकीर्तन का आनन्द

30 दिसम्बर : श्री ठाकुर जी की बारात

श्री राम रूप में सजे दूल्हा श्री राधागोपाल प्रभु जी रथ में सवार होंगे, साधु-सन्त,
आचार्य-विप्र बारात की शोभा बढ़ायेंगे, वैष्णव वृन्द ढोल-नगाड़े, बैन्ड-बाजे, शहनाई आदि मंगल
वाद्यों की धुनों पर नृत्य करते हुए संग चलेंगे, चित्रकूट क्षेत्र की विविध पारम्परिक नृत्य
मण्डलियां भी साथ होंगी, अनेक कला-करतब दिखाते कलाकार होंगे .... एक अद्भुत रसमय
बारात की छटा होगी उत्सव स्थल पहुंचने के उपरान्त

बारात स्वागत • वर-वधुपक्ष मिलन • मधुर वरमाला

31 दिसम्बर : मधुर भजन संध्या

प्रतिवर्ष की भांति श्री ठाकुरजी व प्यारे राम जी के मधुर भजनों का आनन्द,
संतों द्वारा सुमधुर भजन सेवा, विशेष संगीत वाद्यों के साथ भजनों की प्रस्तुति...

श्री
सीताराम

प्यारे श्री राधागोपाल प्रभु के

मधुर मनोरथ

26 दिसम्बर : रास रसरंग

शरद पूनम की रात्रि होगी, रास रंग में सिय रघुनाथ,
सखी सहचरी मगंल गावै, जय-जयकार करे मुनि साथ

27 दिसम्बर : श्री ब्रजनाथ भये रघुनाथ

एक बार ब्रज में तुलसी हित, कान्हा बने राम रघुनाथ,
यहाँ बनी श्री राधा सियाजु, श्री गोपाल बने सियानाथ

28 दिसम्बर : मधुर श्री रंगनाथ दर्शन

दिव्य देश श्रीरंगम् झाँकी, श्रीदेवी गोदाम्बा साथ,
भोग लगे खीरान्न का सुन्दर, श्रीगोपाल-बने रंगनाथ

29 दिसम्बर : सियपिय प्रथम मिलन

प्रथम मिलन सिय राम प्रभु का, होगी उसकी दिव्य छटा,
दरसन कर मन में छा जाए, सियराम प्रेम की मधुर घटा

30 दिसम्बर : मिथिला मण्डप

मिथिला नगरी के, सुन्दर मण्डप माहि, दूल्हा बन बैठे, श्री राधा संग कन्हाई,
सब रीत प्रीत में, मिथिला भाव दरसाई, सियपिय से प्रिया प्रिय ये, अद्भुत भाव है माई

31 दिसम्बर : सिया ले पिया चले

सिया ब्याह पिय ले चले, अवधपुरी की ओर,
रथ पालकी हाथी घोड़ा, शोभा कंचन कोर

प्रिय भक्तजनों...

ये चित्रकूट रस महोत्सव भक्ति प्रेम का खुला भण्डार है, आइये...
और इस भण्डार से भक्ति प्रेम प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बनाइये...

98310 14562 | 93217 28000 | 98347 76634